

CG BOARD
QUESTION PAPER
2024
aglasem.com

वार्षिक परीक्षा – 2024

कक्षा – 11वीं | विषय – हिन्दी

समय – 3 घण्टे | पूर्णांक – 80

नोट :– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

1. प्रश्न पत्र के प्रश्नों को तीन खण्डों "क", "ख" और " ग" में विभक्त किया गयाहै।
2. खण्ड" क" में 2 प्रश्न है, जिसमें 16 अंक निर्धारित है।
3. खण्ड "ख" में 4 प्रश्न है, जिसमें 1 प्रश्न वैकल्पिक है, 20 अंक निर्धारित है।
4. खंड "ग" के आरोह भाग में 32 अंक निर्धारित है। (5) खंड "ग" के वितान भाग में 12 अंक निर्धारित है।

(खण्ड–क)

प्रश्न–1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को सम्यक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

प्रकृति और व्यक्ति के संबंधों में विकार आ रहा है। व्यक्ति प्रकृति से दूर हो गया है। जनसंख्या विस्फोट से प्रदूषण के कुप्रभाव से प्रकृति की शोभा पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ऐसी विपरीत स्थिति में भी प्रकृति का सौंदर्य बसंत के आगमन पर खिल उठता है। विस्मय होता है कि आजकल लोगों में वसंत के आगमन का भी आभास नहीं होता। पुष्प वाटिकाओं में रंग–बिरंगे फूलों की चटक और महक से बसंती पवन झूम उठता है। पुष्प पंखुड़ियां पर तितलियों के नृत्य मन मोह लेते हैं। भंवरों का मधुर गुंजन आनंद की वृष्टि करता है। ऋतुराज के स्वागत में आम की डाल पर कोकिला भी मधुर तान चढ़ती हैं। मोरनियों के झुंड से घिरा मोर मस्ती में नाचता है। प्रकृति की यह छठा लोगों को नसीव नहीं होती क्योंकि उसके मन में प्रकृति प्रेम शेष नहीं रहा। व्यक्ति प्रकृति प्रेम के अभाव में मानसिक दवाव में जी रहा है। अतः वसंत के आगमन पर प्रत्येक व्यक्ति के मन में उसका स्वागत करने की भावना जागृति चाहिए।

प्रश्न (क) प्रकृति की शोभा श्री पर संकट के बदले क्यों मंडरा रहे हैं?(2)

प्रश्न (ख) विपरीत परिस्थिति में भी प्रकृति की विशेषता क्या है? (2)

प्रश्न (ग) लेखक को विस्मय क्यों होता है? (2)

aglasem.com

प्रश्न (घ) प्रकृति की कौन–कौन सी छटा लोगों को नसीब नहीं होती? (2)
प्रश्न (ङ) मानसिक दबाव से छुटकारा पाने की दवा क्या है? (1)
प्रश्न (च) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (1)

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को सम्यक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (6)

मृदु मिट्टी के हैं बने हुए
मधु–घट फूटा ही करते हैं
लघु जीवन लेकर आए हैं
प्याले टूटा ही करते हैं,
फिर भी मदिरालय के अंदर
मधु के घट है, मधु प्याले हैं,
जो मादकता के मारे हैं
वे मधु लूटा ही करते हैं,
वह कच्चा पीने वाला है
जिसकी ममता घट प्यालो पर,
जो सच्चे प्रभु से जला हुआ
कब रोता है, चिल्लाता है
जो बीत गई सो बात गई।

प्रश्न (i) 'मृदु मिट्टी के हैं, बने हुए'–के दो अर्थ बताइए।
(ii) 'लघु जीवन' किस–किस का होता है?
(iii) 'मादकता' के मारे का यहां क्या आशय है?
(iv) 'कच्चा पीने वाला' तथा 'सच्चे मधु से जला हुआ' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।
(v) इस काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
(vi) इस काव्यांश का मुख्य भाव लिखिए।

(खण्ड–ख)

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए –(8)
(1) अंतरिक्ष विज्ञान और भारत
(2) देश के उत्थान में युवाओं का योगदान
(3) प्रदूषण की समस्या– कारण व निदान
(4) जीवन में खेलों का महत्व

प्रश्न 4. सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर हरियाली को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ध्यानाकर्षण कराते हुए दैनिक पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए। (5)

(अथवा)

aglasem.com

अपने प्राचार्य को संक्षिप्त आवेदन पत्र लिखिए जिसमें खेल का सामान उपलब्ध कराने की प्रार्थना की गई हो।

प्रश्न 5. निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए।
(अ) संचार माध्यम से आप क्या समझते हैं? (4)
(ब) समाचार लेखन के उल्टा पिरामिड शैली किसे कहते हैं?
(स) इंटरनेट की दो कमियां लिखिए।
(द) समाचार माध्यमों से काम करने वाले पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं?

प्रश्न 6. 'गुम होता बचपन' विषय पर फीचर तैयार कीजिए। (3)

(अथवा)

अपने विद्यालय के वार्षिक उत्सव पर एक प्रतिववेदन तैयार कीजिए।

(खण्ड–ग)

प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए– (6)

लहराते वे खेत दृगों में
हुआ बेदखल वह अब जिनसे,
हंसती थी उसके जीवन की
हरियाली जिनके तृन–तन से!

प्रश्न 1. प्रस्तुत काव्यांश किस पाठ से अवतरित है? इसके स्चयिता कौन है?
प्रश्न 2. किसान को किसने बेदखल कर दिया?
प्रश्न 3. किसान के सुख में जीवन का आधार क्या था?

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (6)
(क) 'पथिक' पाठ में सूर्योदय वर्णन के लिए किस तरह के बिंबो का प्रयोग हुआ है? लिखिए।
(ख) "स्वाति बूंद बरसे फनी ऊपर, सोई विज होई लाई। ओही बूंद के मोती निपजै, संगति की अधिकाई ।।"
प्रदत्त पंक्ति की भाव व शिल्प सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न –9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(22=4)
(i) मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है?
(ii) कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

प्रश्न 10 निम्नलिखित गद्यांश को सम्यक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (6)

पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनके यह कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सब

aglasem.com

लक्ष्मी के ही खिलौने हैं, इन्हें वह जैसे चाहती है, नचाती है। लेटे ही लेटे गर्व से बोले– चलो हम आते हैं। यह कहकर पंडित जी ने बड़ी निश्चितता से पान के बिड़े लगाकर खाए। लिहाफ ओढ़े हुए दारोगा के पास आकर बोले– बाबूजी, आशीर्वाद। कहिए, हमसे ऐसा कौन सा अपराध हुआ की गाड़ियां रोक दी गई। हम ब्राह्मणों पर तो आपकी कृपा दृष्टि रहनी चाहिए।

प्रश्न (1) पंडित अलोपीदीन के लक्ष्मी जी (धन) के प्रति कैसे विचार थे?

(i) "न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं" इस पंक्ति से आशय स्पष्ट कीजिए।

(ii) पंडित जी का दारोगा से की गई बातों में किस बात की झलक मिलती है?

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (10)

(क) 'नानबाइयों का मसीहा' किसे कहा गया है?

(ख) किन दो दृश्य में दर्शक यह पहचान नहीं पाते कि उनकी शूटिंग में कोई दो तरकीब अपनाई गर है?

(ग) 'शिवशंभू की दो गायों' की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

(घ) धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी क्यों नहीं समझता था?

प्रश्न 12 लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है? आपको लता की गायकी कौन–सी विशेषताएं नजर आती है ? उदाहरण सहित लिखिए। (4)

(अथवा)

राजस्थान में कुंई किसे कहते हैं? इसकी गहराई और व्यास तथा सामान्य कुंओ की गहराई औ व्यास में क्या अंतर है? लिखिए।

प्रश्न 13 (1) 'आलो–अंधारि' रचना बेबी हालदार की व्यक्तिगत समस्याओं के साथ–साथ कई सामाजिक मुद्दों को समेटे है। किन्हीं दो समस्याओं पर अपने विचार प्रकट कर लिखिए। (4)

(अथवा)

भारतीय कलाओं और भारतीय संस्कृति में आप किस तरह संबंध पाते हैं? लिखिए।

(ii) 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' गुरु घासीदास जी के संबंध में यह कथन कहां तक सत्य है? उदाहरण देकर लिखिए।(4)

(अथवा)

आदिवासियों को जंगल से गहरा लगाव क्यों होता है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

––00––

aglasem.com

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers